
# Parallel Seating Questions for Bank Prelims Exam – Set 3 (Hindi)




**निर्देश (1-5): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं और एक दूसरे का सामना कर रहे हैं। पंक्ति 1 में A, B, C, D और E दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। पंक्ति 2 में H, I, J, K और L बैठे हैं और उत्तर की ओर उन्मुख हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। I, L के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, L के विपरीत बैठा है। A, B के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। B और A के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या L और K के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है। C और I एक दूसरे के विपरीत बैठे हैं। न तो D न ही E, C के आसन्न बैठा है। E, B के बायें बैठा है। J और E एक दूसरे के विपरीत नहीं बैठे हैं।

**1) निम्नलिखित में से कौन H के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है?**

A.K

B.वह व्यक्ति जो J के तत्काल दायें बैठा है

C.वह व्यक्ति जो L के तत्काल बायें बैठा है

D.I

E.उपरोक्त में से कोई नहीं

**2) निम्नलिखित में से कौन B और C के बीच में बैठा है?**

A.E

B.A

C.D

D.a और b दोनों

E.b और c दोनों

**3) निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा एक दूसरे के विपरीत नहीं बैठा है?**

A.DJ
B.BH
C.CI
D.AK
E.उपरोक्त में से कोई नहीं

**4) निम्नलिखित में से कौन K के विपरीत बैठा है?**
A.वह व्यक्ति जो B के तत्काल दायें बैठता है
B.J
C.वह व्यक्ति जो D के बायें से तीसरे स्थान पर बैठा है
D.वह व्यक्ति जो A के तत्काल बायें बैठा है
E.E

**5) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन समूह से संबंधित नहीं है?**
A.वह व्यक्ति जो L के तत्काल बायें बैठा है
B.वह व्यक्ति जो K के तत्काल दायें बैठा है
C.वह जो I के विपरीत बैठा है
D.वह व्यक्ति जो E के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है
E.L

**निर्देश (6-10): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

दस व्यक्ति अर्थात G, H, I, J, K, L, M, N, O और P दो समानांतर पंक्तियों में इस प्रकार बैठे हैं कि पंक्ति 1 में व्यक्तियों का मुख उत्तर की ओर है जबकि पंक्ति 2 में व्यक्तियों का मुख दक्षिण की ओर है और सभी व्यक्ति हैं एक दूसरे की ओर उन्मुख हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।

G और J के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है, जिसका मुख I की ओर है और न तो G और न ही J पंक्ति के अंत में बैठा है। H, I के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है जबकि L उत्तर की ओर उन्मुख है और पंक्ति के अंत में बैठता है लेकिन J के आसन्न नहीं बैठता है। L और P की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच केवल एक व्यक्ति बैठता है। N, G के आसन्न बैठा है और उसका मुख उस व्यक्ति की ओर है जो M के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। K न तो पंक्ति के अंत में बैठा है और न ही P के आसन्न बैठा है।

**6) निम्नलिखित में से कौन P के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है?**
A.K
B.J
C.O
D.N
E.इनमें से कोई नहीं

**7) K के सन्दर्भ में M का स्थान क्या है?**
A.तत्काल दायें
B.बायें से दूसरा
C.तत्काल बाएं
D.दायें से तीसरा
E.इनमें से कोई नहीं

**8) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह खोजें जो उस समूह से संबंधित नहीं है।**
A.G
B.J
C.O
D.P
E.L

**9) यदि K, P से संबंधित है और I एक निश्चित तरीके से O से संबंधित है, तो निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति J से संबंधित है?**

A.H

B.M

C.L

D.N

E.इनमें से कोई नहीं

**10) N और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

A.एक

B.दो

C.तीन


D.निर्धारित नहीं किया जा सकता

E.कोई नहीं

## ANSWER WITH EXPLANATION

**निर्देश (1-5):**


1. उत्तर: D
2. उत्तर: D
3. उत्तर: B
4. उत्तर: C
5. उत्तर: E




हमारे पास है,


- I, L के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है।
- B, L के विपरीत बैठा है।

उपरोक्त स्थिति से, दो संभावनाएं हैं।




हमारे पास फिर से है,


- A, B के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है।
- B और A के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या L और K के बीच बैठे व्यक्तियों की संख्या के समान है।




हमारे पास फिर से है,

- C और I एक दूसरे के विपरीत बैठे हैं।
- न तो D न ही E, C के आसन्न बैठा है।
- E, B के बायें बैठा है।
- J और E एक दूसरे के विपरीत नहीं बैठे हैं।

उपरोक्त स्थिति से, केस 2 समाप्त हो जाता है। केस 1 अंतिम व्यवस्था दिखाता है।




निर्देश (6-10):


6. उत्तर: C

7. उत्तर: A


8. उत्तर: E

9. उत्तर: B

10. उत्तर: D





- G और J के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है, जिसका मुख I की ओर है और न तो G और न ही J पंक्ति के अंत में बैठा है।
- H, I के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है जबकि L का मुख उत्तर की ओर है और वह पंक्ति के अंत में बैठा है, लेकिन J के आसन्न नहीं बैठा है।
- L और P की ओर उन्मुख व्यक्ति के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है।




- N, G के आसन्न बैठा है और उसका मुख उस व्यक्ति की ओर है जो M के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है।
- K न तो पंक्ति के अंत में बैठा है और न ही P के आसन्न बैठा है।

इसलिए, केस 1 समाप्त हो जाता है।




[Click Here For Bank Exam Free PDF]

[Click Here For Reasoning Free PDF]

[Click Here For Quantitative Aptitude Free PDF]

[Click Here For English Free PDF]